तम्बाकू निषेध दिवस पर नशा मुक्ति रैली का आयोजन

कोरबा:31.05.2016–प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वाधान में विश्व सद्भावना भवन टी.पी.नगर कोरबा में,31 मई अंतर्राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस पर रैली का आयोजन किया गया। रैली के द्वारा अनेक स्थानों पर जन जागृति की सभाओं का आयोजन किया गया। रैली में आम सभा में अपने विचार व्यक्त करते हुए बहन रेणु अग्रवाल महापौर नगर पालिक निगम कोरबा ने कहा कि आज का यह प्रयास बड़ा ही सराहनीय है। आपने तम्बाकू से होने वाले नुकशान को ध्यान से सुना लेकिन मेरी तो यही शुभ आश है कि आप इसे दिल में उतारें और जीवन में अमल में लायें। धीरे धीरे नशा छोड़ने के प्रयास को कम करना चाहिए। जिससे इससे होने वाले कुप्रभाव और पीड़ा से हमारी माताओं बहनों को राहत मिलेगी। आपने कोरबा शहर को नशा मुक्त बनाने के लिये शहर वासियों का आव्हान किया। डॉ. के.सी.देवनाथ निर्देशक अक्षय हास्पिटल कोरबा ने कहा कि बड़े ही असमंजस की यह बात है कि आपके नशा करने से गर्भ में पल रहे शिशु पर इसका प्रभाव पड़ता है। इसके साथ ही वातावरण के प्रभाव से आज की बालक और युवा पीढ़ी भी अछूती नहीं है। आज का दिन इसलिये विशेष है कि आज के दिन हमें सोचना है, विचार करना है, संकल्प लेना है और निश्चय करना है कि इस तरह का नशा किस तरह जन जीवन को तबाह कर सकता है। नशा कैन्सर जैसे रोग के लिये एक खुला दरवाजा है। सिर्फ दवा कार्य नहीं करती लेकिन अपनी भावनाओं में दृढ़ता लाने के लिये ब्रह्माकुमारीज संस्थान में राजयोग का अभ्यास अवश्य ही लाभ दायक होगा। ब्रह्माकुमारी बिन्दु बहन ने कहा कि आज यह नशा मुक्ति रैली जगह जगह जाकर जन जागृति का कार्य कर रहे हैं। अनेक बीमारियों और नशे के दुष्परिणाम से बचने के लिये हम सभी को मिलकर कदम बढ़ाने होंगें ।